# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 6TH



aglasem.com

Class : 6th

Subject : Hindi

Chapter : 05

Chapter Name : अक्षरों का महत्व

Q1 पाठ में ऐसा क्यों कहा गया है कि अक्षरों के साथ एक नए युग की शुरूआत हुई?

Answer. किसी भी देश का इतिहास तब शुरू होता है जब आदमी के लिखे हुए लेख मिलने लग जाते हैं | अक्षरों की खोज होने से आदमी अपने विचार और हिसाब-किताब लिख कर रखने लगा और एक नए युग की शुरुआत हुई |

Page : 31 , Block Name : निबंध से

Q2 अक्षरों की खोज का सिलसिला कब और कैसे शुरू हुआ? पाठ पढ़कर उत्तर लिखो।

Answer.अनुमानित रूप से छः हज़ार साल पहले अक्षरों की खोज का सिलसिला शुरू हुआ। पहले आदमी अपने भाव चित्रों के द्वारा व्यक्त करता था। यही विकसित हो कर भाव सम्प्रेषण शुरू हुआ तब बहुत बाद में जाके अक्षर अस्तित्व में आए।

Page : 31 , Block Name : निबंध से

Q3 अक्षरों के ज्ञान से पहले मनुष्य अपनी बात को दूर-दराज के इलाकों तक पहुँचाने के लिए किन-किन माध्यमों का सहारा लेता था?

Answer. मनुष्य अक्षरों की खोज करने से पूर्व पशु-पक्षियों, आदमियों तथा अन्य वस्तुओं के चित्र बनाकर अपनी बात दूर-दूर के इलाकों में पहुँचाता था। बाद में इन चित्रों ने भाव संकेतों का रूप ले लिया और मनुष्य इनके माध्यम से अपनी बात पहुँचाने लगा।

Page : 31 , Block Name : निबंध से

Q4 अक्षरों के महत्त्व की तरह ध्वनि के महत्त्व के बारे में जितना जानते हो, लिखो।

Answer. अक्षर जिस तरह भाषा का लिखित रूप है उसी तरह ध्वनि भाषा का मौखिक रूप हैं | अक्षर से हम अपने विचार लिखकर व्यक्त करते है और उसी प्रकार अपनी बात कहने के लिए ध्वनि की आवश्यकता होती हैं | मनुष्य जो भी आवाज़ अपने कानों से सुनता है वो सब ध्वनि है | ध्वनि का हमारे जीवन में होना अत्यंत महत्वपूर्ण हैं | जिस तरह बिना आवाज़ के कोई फिल्म देखना आनंद नहीं देता उसी तरह हमारा जीवन भी ध्वनि के बिना अधूरा हैं |

Page : 31 , Block Name : निबंध से आगे

Q5 मौखिक भाषा का जीवन मे क्या महत्व है? इस पर शिक्षक के साथ कक्षा में बातचीत करो।

Answer. बच्चे स्वयं करे।

aglasem.com

Page : 31 , Block Name : निबंध से आगे

Q6 हर वैज्ञानिक खोज के साथ किसी-न-किसी वैज्ञानिक का नाम जुड़ा होता है, लेकिन अक्षरों के साथ ऐसा नहीं है, क्यों? पता करो और शिक्षक को बताओ।

Answer.अक्षरों की खोज मनुष्य ने धीरे-धीरे स्वयं की हैं | किसी भी एक मनुष्य ने सभी अक्षर नहीं खोजे इसलिए अक्षरों की खोज के साथ किसी एक व्यक्ति का नाम नहीं जोड़ा जा सकता है, और इसीलिए किसी एक वैज्ञानिक का नाम नही बताया जा सकता।

Page : 31 , Block Name :निबंध से आगे

Q7 एक ही भाषा को कई लिपियों में लिखा जा सकता है। उसी तरह कई भाषाओं को एक ही लिपि में लिखा जा सकता है। नीचे एक ही बात को अलग अलग भाषाओं में लिखा गया है। इन्हें ध्यान से देखो और इनमें दिए गए वर्णो की मदद से कोई नया शब्द बनाने की कोशिश करो-

Answer. बच्चे स्वयं करें।

Page : 31 , Block Name :निबंध से आगे

Q8 पुराने ज़माने में लोग यह क्यों सोचते थे कि अक्षर और भाषा की खोज ईश्वर ने की थी? अनुमान लगाओ और बताओ?

Answer. पुराने ज़माने के लोग समझते थे कि जिस तरह इस सृष्टि की रचना ईश्वर ने की है उसी तरह अक्षर और भाषा भी ईश्वर ने ही बनाये होंगे | अक्षर की खोज से पहले का इतिहास कोई नहीं जानता इसलिए उन लोगों को लगता है कि अक्षर का ज्ञान ईश्वर ने दिया हैं |

Page : 31 , Block Name :अनुमान और कल्पना

Q9 अक्षरों के महत्त्व के साथ ही मनुष्य के जीवन के गीत, नृत्य और खेलों का भी महत्व है। कक्षा में समूह में बातचीत करके उनके महत्त्व के बारे में जानकारी इकट्ठी करो और कक्षा में प्रस्तुत करो।

Answer. मनुष्य के सम्पूर्ण विकास के लिए जीवन में गीत, नृत्य और खेलों का भी बहुत महत्त्व है। गीत, नृत्य हमारा सांस्कृतिक विकास करते हैं। इसी प्रकार खेल-कूद को भी मानवीय विकास में महत्त्वपूर्ण माना गया है। गीत, नृत्य हमारे मनोरंजन का साधन है और खेल हमारे शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं | खेल से हमारे मस्तिष्क का भी विकास होता हैं |

Page : 32 , Block Name : अनुमान और कल्पना

Q10 क्या होता अगर…

(क) हमारे पास अक्षर न होते

(ख) भाषा न होती

aglasem.com

Answer. (क) यदि अक्षर न होते तो हम अपना इतिहास कभी जान नहीं पाते क्योंकि अक्षर के बिना कुछ लिखित में नहीं मिलता | मनुष्य अपने ज्ञान को ज्यादा लोगों तक पहुँचा नहीं पाता |

(ख) भाषा के बिना मनुष्य एक-दूसरे से बात ही नहीं कर पाता | अपने विचारों के आदान - प्रदान के लिए भाषा आवश्यक होती हैं |

Page : 32 , Block Name : अनुमान और कल्पना

Q11 अनादि काल में रेखांकित शब्द का अर्थ है जिसकी कोई शुरुआत या आदि न हो। यह शब्द मूल शब्द के शुरू में कुछ जोड़ने से बना है। इसे उपसर्ग कहते हैं। इन उपसर्गों को अलग करके मूल शब्दों को लिखकर उनका अर्थ समझो-

असफल ……….

अदृश्य …………

अनुचित ……….

अनावश्यक ………

अपरिचित ………..

अनिच्छा …………

Answer.

असफल - अ + सफल

अदृश्य - अ + दृश्य

अनुचित - अन + उचित

अनावश्यक - अन + आवश्यक

अपरिचित - अ + परिचित

अनिच्छा - अन + इच्छा

Page : 32 , Block Name : भाषा की बात

Q12 वैसे तो संख्याएँ संज्ञा होती हैं पर कभी-कभी ये विशेषण का काम भी करती हैं, जैसे नीचे लिखे वाक्य में-

aglasem.com

हमारी धरती लगभग पाँच अरब साल पुरानी है।

कोई दस हजार साल पहले आदमी ने गाँवों को बसाना शुरू किया।

इन वाक्यों में रेखांकित अंश 'साल' संज्ञा के बारे में विशेष जानकारी दे रहे हैं, इसलिए संख्यावाचक विशेषण हैं। संख्यावाचक विशेषण का इस्तेमाल उन्हीं चीजों के लिए होता है जिन्हें गिना जा सके, जैसे– चार संतरे, पाँच बच्चे, तीन शहर आदि। पर यदि किसी चीज़ को गिना नहीं जा सकती तो उसके साथ संख्या वाले शब्दों के अलावा मापतोल आदि के शब्दों का इस्तेमाल भी किया जाता है-

तीन जग पानी

एक किलो चीनी

यहाँ रेखांकित हिस्से परिमाणवाचक विशेषण हैं, क्योंकि इनका संबंध मापतोल से है। अब आगे लिखे हुए को पढ़ो। खाली स्थानों में बाक्स में दिए गए मापतोल के उचित शब्द छाँटकर लिखो।

प्याला कटोरी एकड़ मीटर लीटर किलो ट्रक चम्मच

1. तीन ………….. खीर

2. दो …………. जमीन

3. छह ………….. कपड़ा

4. एक …………. रेत

5. दो …………… कॉफ़ी

6. पाँच …………… बाजरा

7. एक ………….. दूध

8. तीन ………….. तेल

Answer.

1. तीन बाटी खीर

2. दो बीघा जमीन

aglasem.com

3. छह फ़ीट कपड़ा

4. दो ग्लास कॉफ़ी

5. एक मुठ्ठी रेत

6. पाँच ग्राम बाजरा

7. एक मिलीलीटर दूध

8. तीन कटोरी तेल

Page : 32 , Block Name : भाषा की बात

Q13 अपनी लिपि के कुछ अक्षरों के बारे में जानकारी इकट्ठी करो-

(क) जो अब प्रयोग में नहीं रहे।

(ख) प्रचलित नए अक्षर जो अब प्रयोग में आ गए हैं।

Answer. (क) जो प्रयोग में अब नहीं हैं- ऋ, लृ, ञ

(ख) नए प्रचलित अक्षर हैं- अ, झ, ख, ल

Page : 33 , Block Name :कुछ करने को

Q14 लिखित और मौखिक भाषा के हानि-लाभ के बारे में दोस्तों के बीच चर्चा करो।

Answer. भाषा का स्थायी रूप है। इससे ज्ञान-विज्ञान सुरक्षित रहता है। इसके द्वारा हम जो कहते हैं या करते हैं उसका रिकॉर्ड रखा जा सकता है। लिखित भाषा के द्वारा ही हम अपने विचार दूर-दराज के इलाकों में भेज सकते हैं। लिखित भाषा लंबे समय तक सुरक्षित रहती है। उसके माध्यम से इतिहास का पता चलता है। अपने दैनिक जीवन में हम मौखिक भाषा का उपयोग करते हैं | मौखिक भाषा सीखना बहुत आसान होता हैं | मौखिक भाषा का रिकॉर्ड नहीं रखा जाता है और न ही इसके एक पीढ़ी के द्वारा प्राप्त किए गए ज्ञान को दूसरी पीढ़ी तक पहुँचाया जा सकता है। इसलिए मौखिक भाषा का क्षेत्र सीमित होता है। यह सिर्फ दो व्यक्ति के बीच संवाद कर सकती है।

Page : 33 , Block Name :कुछ करने को

aglasem.com

Q15 अक्षर ध्वनियों (स्वरों और व्यंजनों) के प्रतीक होते हैं। उदाहरण के लिए 'हिंदी', 'उर्दू' और 'बाँग्ला' आदि शब्दों में प्रत्येक अक्षर के लिए उसकी ध्वनि निर्धारित है। कुछ चित्रों से भी संकेत व्यक्त होते हैं। नीचे कुछ चित्र दिए गए हैं। उनसे क्या संकेत व्यक्त होते हैं, बताओ-

Answer. (क) पहला चित्र- स्कूल है आगे ये बात रहा है।

(ख) दूसरा चित्र- घेरे के बाई ओर जाने के संकेत दे रही है।

(ग) तीसरा चित्र- रोड दाई ओर मुड़ेगी।

(घ) चौथा चित्र- पथ बाईं ओर घूमेगी।

Page : 33 , Block Name : कुछ करने को

aglasem.com